>

Title: Regarding reported loss of files relating to allocation of coal blocks.

11.30 Â½ hrs

At this stage, Shri M. Anandan, Shri K. Narayan Rao and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदया : आपको बुलवाएंगे। आप बैठ जाइए।

â€¦(व्यवधान)

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): अध्यक्ष जी, कोयला ब्लॉक आबंटन का मामला बहुत दिनों से चर्चा में है।...(व्यवधान) और हर बार एक नया आयाम लेकर यह मामला सामने उभरकर आ जाता है।...(व्यवधान) पिछली बार जब यह मामला चर्चा में आया तो सुप्रीम कोर्ट के सामने जो केस गया हुआ था, उसमें जो रिपोर्ट सीबीआई ने फाइल करनी थी, उस रिपोर्ट में...(व्यवधान) फेरबदल करने का आरोप कानून मंत्री पर लगा और कानून मंत्री को उसमें इस्तीफा देना पड़ा।...(व्यवधान) और अब नया मामला सामने आया है कि कोयले ब्लॉक के आबंटन से संबंधित फाइलें गायब हो गई हैं।...(व्यवधान) अध्यक्ष जी, यह सुप्रीम कोर्ट का एक ऑर्डर मेरे पास 6 अगस्त का है जिसे मैं पढ़कर सुनाना चाहती हूं और जो चार लाइनों का है। सुप्रीम कोर्ट ने 6 अगस्त 2013 को कहा:

> "We have made it clear earlier and we reiterate today that any information that may be required and official files and records that may be found necessary for the inquiry/investigation by the CBI shall be supplied to them without any delay by the concerned person."

यह सुप्रीम कोर्ट का ऑर्डर है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिये हैं कि सीबीआई को वे सारे ऑफिशियल रिकार्ड, वे सारी फाइलें आप थमाइए और उन्होंने यह बात कन्सर्न्ड पर्सन पर डाली हैं और वह कन्सर्न्ड पर्सन कौन है? ...(व्यवधान) वह स्वयं देश के प्रधान मंत्री हैं।...(व्यवधान) जो कोयला विभाग के मंत्री रहे।...(व्यवधान) और यह बात स्वयं प्रधान मंत्री ने स्वीकारी। 27 अगस्त 2012 को प्रधान मंत्री जी सदन में आए और आपको संबोधित करके बोले:

> "I seek your indulgence to depart from this established procedure because of the nature of the allegations that are being made and because I was holding the charge of Coal Minister for a part of the time covered by the Report. I want to assure hon. Members that as the Minister in charge, I take full responsibility for the decisions of the Ministry."

यह बात स्वयं प्रधान मंत्री जी ने इस सदन के फर्श पर खड़े होकर आपकी अनुमति से कही थी।...(व्यवधान) इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि आप सरकार को निर्देशित करें कि स्वयं प्रधान मंत्री इस सदन में आएं और ये कोयले की फाइलें कहां गायब हुई हैं?...(व्यवधान) कैसे गायब हुई हैं? इसके बारे में सदन को आश्वस्त करें। सदन को विश्वास में लें और बताएं कि 147 फाइलें जिनमें एप्लीकेशंस हैं,...(व्यवधान) और हर फाइल में कोई न कोई कांग्रेस का बड़ा आदमी इसमें शामिल है।...(व्यवधान) वो फाइलें गायब हुई हैं।...(व्यवधान) जो डिसीजन्स लिये गये हैं, वो फाइलें गायब हुई हैं।...(व्यवधान) इसलिए मैं आपसे चाहती हूं। पूरा सदन आपसे संरक्षण चाहता है।...(व्यवधान) आप सरकार को निर्देशित करें। नेता, सदन दो सप्ताह की अस्वस्थता के बाद आज आए हैं। मैं उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना देती हूं।...(व्यवधान) और इसके साथ ही उनसे यह अनुरोध करती हूं कि वह प्रधान मंत्री को सदन में लाकर यह वक्तव्य दिलवाने का काम करें कि फाइलें कैसे गायब हुई? ...(व्यवधान) कैसे ये फाइलें वापस आएंगी और कब तक वापस आएंगी? इसके बारे में हमें आश्वासन चाहिए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : श्रीमती सुषमा स्वराज द्वारा उठाये गये विषय के साथ

श्री शैलेन्द्र कुमार और

श्री राजेन्द्र अग्रवाल को भी एसोशिएट किया जाता है।

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI KAMAL NATH): Madam,

the Minister of Coal will make a Statement in this regard. ...(*Interruptions*)